# पाठ 17. धरती का स्वर्ग–भारत

## पाठ का परिचय

क्या तुम अपने देश के नाम से परिचित हो? इसे भारत कहते हैं। लोग हमारे देश को धरती का स्वर्ग कहते हैं। हमारे देश के उत्तर में हिमालय, तीन ओर बड़े-बड़े सागर, बहुत-सी नदियाँ हैं तथा चारों ओर हरियाली है और हर मौसम में तरह-तरह के फल, अन्न व सब्ज़ियाँ पैदा होते हैं। हमारे देश में तीन मौसम आते हैं। यहाँ अनेक वीर व महान पुरुष पैदा हुए हैं। हमारे देश में अनेक धर्मों के लोग एकसाथ मिलकर रहते हैं। सभी में आपस में बड़ा प्रेम है। सभी एक-दूसरे को अपने भाई के समान मानते हैं।

## पाठ में निहित जीवन-मूल्य

देशप्रेम का भाव जगाना। देश की विशेषताओं से बच्चों को परिचित करवाना। हमारे प्रिय व आदर्श नेताओं के त्याग व बलिदान की कथाएँ सुनाना। इन सभी को जानने के बाद बच्चे अपने आदर्श को चुन सकेंगे।

## पाठ का वाचन

- पहले पूरा पाठ स्वयं पढ़ें।
- बच्चे एक-एक अनुच्छेद पढ़ें।
- पाठ के वाचन के दौरान बीच-बीच में बच्चों से कुछ प्रश्न पूछें।
- भारत देश से संबंधित प्रश्न हों।

## महत्वपूर्ण चर्चा

बच्चों से भारत से संबंधित कुछ प्रश्न करें। जैसे –

- भारत की ऋतुओं के बारे में।
- यहाँ पाए जाने वाले धर्मों, त्योहारों तथा रहन-सहन के बारे में।
- भारत के किसी विशिष्ट व्यक्ति के बारे में जिसके विषय में वे जानते हैं।